हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 19 .5 डिग्री




11 तेल डिपो के पास भीषण आग से हड़कंप दस गाड़ियों ने पाया आग पर काबू



12 एजेंसी को छह दिन में नहीं मिले सरसों के देनदार, किसानों को प्राइवेट बेचने में मिल रहा फायदा


## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### धारूहेड़ा में कई मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन

**धारूहेड़ा।** हनुमान जन्मोत्सव पर कस्बे के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों व भंडारे का आयोजन किया गया। सभी मंदिरों में सुबह हनुमान चालीसा वाठ के बाद आरती की गई। इसके बाद हवन का आयोजन हुआ। मंदिर कमेटी सदस्यों व मौजिज लोगों ने हवन में आहुतियां डाली। कस्बे के सोहना रोड हनुमान मंदिर, मातादीन कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर व बड़ी ट्रक यूनियन की ओर से धार्मिक आयोजन किए गए। बड़ी ट्रक यूनियन के भंडारे में बलराम पंडित, श्री भगवान व अजय जांगडा सहित अन्य पदाधिकारियों ने योगदान दिया। गांव मालपुरा के मंदिर में भी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने हनुमान ती का प्रसाद ग्रहण किया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जैसलमेर नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे के बाद गत 21 फरवरी को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने बिहार के नवांगढ़ निवासी बृजकिशोर को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गाड़ी को भी कब्जे में लिया गया है। आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एक्साइज एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने बीते साल दिसंबर माह में दर्ज किए एक्साइज एक्ट के तहत केस में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अवैध शराब की तस्करी के आरोप में पुलिस ने गत वर्ष 3 दिसंबर को राजस्थान के सांतों निवासी धीरज के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने आखिरकार धीरज को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने गोठड़ा में एक महिला पर कस्सी से हमला करने के आरोपी के खिलाफ 1 अप्रैल को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने गोठड़ा निवासी जयदीप को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 28 जनवरी को दर्ज किए गए मामले में धारूहेड़ा के मेन बाजार निवासी लक्की को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### खेल नर्सरी में कबड्डी खिलाड़ियों के ट्रायल आज

**कोसली।** ग्राम पंचायत सुधराना की ओर से गांव में हरियाणा सरकार की ओर से खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई खेल नर्सरी में कबड्डी के खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन 3 अप्रैल सायं चार बजे किया जाएगा। एनआईएस के मुख्य कोच दीपक यादव ने कहा कि क्षेत्र के युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के पास पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त करने का यह एक सुनहरा अवसर है। ट्रायल को दो मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

*पुल की जांच और टेस्टिंग के कारण चालकों को हुई परेशानी*

# लोड टेस्टिंग के लिए बाइपास का एक हिस्सा बंद, डायवर्जन के कारण दिनभर फंसे रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैसलमेर नेशनल हाइवे को दिल्ली-जयपुर और रोहतक नेशनल हाइवे से जोड़ने वाले आउटर बाइपास के एक हिस्से को वीरवार सुबह बंद कर दिया गया। इससे दोनों ओर के वाहनों का दबाव एक ओर ही बढ़ गया। वाहन चालकों को इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाइपास का एक हिस्सा डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. के अधिकारियों की ओर से दिए गए लोड टेस्टिंग के निर्देशों के चलते बंद किया गया, जिसे देर शाम तक चालू कर दिया गया। एनएचएआई की ओर से लगभग एक हजार करोड़ रुपये की लागत से आइटर बाइपास का निर्माण कराया गया था। इस बाइपास के पास न्यू रेवाड़ी रेलवे स्टेशन है। डीएफसीसीआईएल की रेलवे लाइन पर एनएचएआई ने 111.5 मीटर लंबाई का स्टील पुल बनवाया था। स्पॉटलैस होने के कारण यह पुल अपने आप में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। बाइपास शुरू होने के बाद नारनौल व महेंद्रगढ़ से दिल्ली, गुरूग्राम, जयपुर और रोहतक की ओर आवागमन करने वाले वाहनों को शहर के अंदर के रोड पर लगने वाले जाम से निजात मिल गई। स्टील पुल की लोड टेस्टिंग कराने के डीएफसीसीआईएल की ओर से एनएचएआई को पत्र लिखा गया था। चूंकि इस पुल के नीचे से रोजाना बड़ी संख्या में मालगाड़ियों का आवागमन होता है, इसलिए रेलवे लाइन व मालगाड़ियों की सुरक्षा के डीएफसीसीआईएल के अधिकारी समय-समय पर पुल की जांच कराते हैं। इसी कड़ी में पुल के शहर की ओर बने हिस्से को टेस्टिंग के लिए वीरवार सुबह बंद कर दिया गया।

### इंजीनियरों की कई टीमों ने शुरू किया पुल जांच का कार




रेवाड़ी। जैसलमेर नेशनल हाइवे आउटर बाइपास का बंद हिस्सा। फोटो : हरिभूमि

### एक हिस्से पर बनाए अस्थाई डिवाइडर

पुल की लोड टेस्टिंग का कार्य करने के लिए एनएचएआई के कर्मचारियों ने जैसलमेर हाइवे की ओर से आकर दिल्ली की ओर जाने वाले हिस्से को डायवर्जन करते हुए बंद कर दिया गया। दिल्ली की ओर से आने वाले वाहनों के हिस्से पर प्लास्टिक ड्रम लगाकर अस्थाई डिवाइडर बनाया गया। इसके बाद वाहन चालकों को पुल पार करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भारी वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण कई बार जाम जैसे हालात बने।इस मार्ग से हजारों वाहनों का आवागमन होता है।



रेवाड़ी। आउटर बाइपास के एक हिस्से गुजरते वाहन, आउटर बाइपास का एक हिस्सा बंद होने पर सूना पड़ा पुल। फोटो : हरिभूमि

### जांच के लिए अभियंताओं की टीम पहुंची

*पुल की जांच करने के लिए वीरवार सुबह ही डीएफसीसीआईएल के राजेंद्र कुमार, पुल निर्माण करने वाली कंपनी एचजी इंफ्रा के राजेश कादियान के साथ-साथ एनएचएआई के इंजीनियर भी पुल पर पहुंच गए। उन्होंने पुल का कंपन, लोड व मजबूती की जांच का कार्य शुरू किया। सूत्रों के अनुसार जांच के बाद तीन दिन में इसकी रिपोर्ट आने की संभावना है। पुल के पूरी तरह फिट पाए जाने की स्थिति में कोई परेशानी नहीं होगी। अगर कोई कमी पाई जाती है, तो उसे ठीक करने के लिए फिर से बंद किया जा सकता है।*

### जल्द शुरू हो जाएगा दोतरफा यातायात

पुल की लोड टेस्टिंग के लिए ट्रैफिक एक तरफ डायवर्ट किया गया है। पुल की टेस्टिंग का कार्य पूरा होते ही डायवर्जन हटा दिया जाएगा। इसके बाद दोनों ओर वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा।
-राजेश कादियान, इंजीनियर, एचजी इंफ्रा।

*बैंक अधिकारियों सहित 12 के खिलाफ केस दर्ज*

# जमीन दिलाने के नाम लाखों रुपये की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एक कंपनी कर्मचारी को जमीन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में कसोला पुलिस ने बैंक अधिकारियों सहित 12 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई है। कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत में डीके यादव ने बताया कि वह आईएमटी की एक कंपनी में नौकरी करता है। कंपनी के ही एक साथी कर्मचारी के कहने पर वह गढ़ी बोलनी रोड पर एक सोसायटी में रहने वाले राकेश और अनिल से उनके फ्लैट पर मिला था। इन लोगों ने उसे जमीन खरीदने की सलाह दी थी। इसके लिए उसे बैंक से लोन लेने की सलाह दी गई। उसने आरोप लगाया कि इन लोगों ने मिलकर उससे काफी दस्तावेज ले लिए। इसके बाद नवंबर 2024 तक कई बैंकों से लगभग 59 लाख रुपये का लोन उसके खाते में ट्रांसफर करा दिया। राकेश ने उससे जमीन दिलाने के बदले सिक्योरिटी राशि के चेक लिए थे, जिनके आधार पर उसके खाते से 59 लाख रुपये निकलवा लिए।

### जमीन का हिस्सा करवाया नाम

उसने आरोप लगाया कि इन लोगों ने उसके नाम 400 वर्ग गज जमीन करा दी, जबकि उसे 750 वर्ग गज जमीन देने का इकरार किया था। राकेश ने लोन की किश्त खुद जमा कराने की बात कही थी, लेकिन कुछ किश्तों का भुगतान करने के बाद उसने किश्त जमा कराना बंद कर दिया। किश्त क्लियर करने के लिए उसने दो चेक दिए थे, जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गए। उसका आरोप है कि लोन भी बैंक अधिकारियों से मिलकर फर्जी तरीके से लिया गया था। कसोला पुलिस ने उसकी शिकायत पर 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

# एसडीएम ने किया अनाज मंडी का निरीक्षण

- सही फसल खरीद और समय पर उठान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने हैफेड एवं मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अनाज मंडी में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से नियमानुसार होनी चाहिए। किसी भी किसान को फसल बेचने में परेशानी न आए और अनाज की लिफ्टिंग व भंडारण का कार्य बिना किसी देरी के किया जाए। एसडीएम ने अनाज मंडी में चल रही खरीद प्रक्रिया तथा किसानों के लिए की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मौसम इन दिनों परिवर्तनशील है। इसलिए आढ़ती टीन शेड से अनाज का उठान करते रहे, जिससे कि यहां सरकारी खरीद का गेहूं रखवाया जा सकें। उन्होंने कहा कि बारदाना की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लिफ्टिंग का कांट्रेक्ट लेने वाला ठेकेदार अपनी गाड़ियों व श्रमिकों को तैनात रखें तथा खरीद किए गए गेहूं को अगले दिन ही गोदाम में पहुंचाना सुनिश्चित करें।



रेवाड़ी। कोसली अनाज मंडी में खरीद व्यवस्था का निरीक्षण करते एसडीएम विजय कुमार। फोटो : हरिभूमि

### मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की

एसडीएम ने गेहूं की खरीद कर रही एजेंसी हैफेड को निर्देश दिए कि बायोमैट्रिक हाजिरी लगने के बाद ही ट्रॉली को मंडी में अंदर आने दिया जाए। वही किसान मंडी में आने चाहिए, जिन्होंने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है। ट्रैक्टरों पर नंबर अवश्य होने चाहिए। एसडीएम ने मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की। उन्होंने अटल कैंटीन, पेयजल, बिजली व्यवस्था, शौचालय, सफाई व्यवस्था व धर्म कांटा का निरीक्षण किया। इस मौके पर मार्केट कमेटी के कर्मचारी तथा कोसली अनाज मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

# तीन युवकों ने संदिग्ध हालत में लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अलग-अलग मामलों में जिले में तीन युवकों ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

चांदनवास निवासी 33 वर्षीय विक्रांत एक कंपनी में नौकरी करता था। बीते बुधवार को देर शाम वह खाना खाने के बाद पशुओं के प्लॉट की ओर चला गया। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। बाद में उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों की सूचना के बाद थाना रोहड़ाई पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। बाद में शव को सामान्य अस्पताल भिजवा दिया गया। वीरवार को रोहड़ाई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। आईओ एसआई गिर्राज ने बताया कि मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

### खेत में पेड़ से फांसी लगाकर जान दी

प्राणपुरा निवासी लगभग 45 वर्षीय धर्मबीर वीरवार सुबह अपने कुएं पर गया था। वहां उसने पेड़ से फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनों को कुछ देर बाद ही वह फंदे लटका देखा, तो उसे उतारकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका था।

### भट्टा श्रमिक ने लगाया फांसी का फंदा

बुड़ाना के ईंट भट्टे पर एक श्रमिक ने फांसी लगाकर जान दे दी। यूपी के बुधनगर खंडवा निवासी 48 वर्षीय हेमराज बुड़ाना में ईंट भट्टे पर अपने भतीजे के साथ रह रहा था। हेमराज अविवाहित था तथा कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। बुधवार को उसने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया।

# आसमान में फिर छाए संकट के बादल आज भी बूंदाबांदी होने की संभावना

- चार-पांच दिन तक मौसम रहेगा परिवर्तनशील, किसानों ने तेज किया गेहूं कटाई का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अप्रैल माह की शुरूआत भी खराब मौसम से हो चुकी है। बारिश और ओलावृष्टि बीते माह फसलों को काफी नुकसान पहुंचा चुकी है। किसानों के सिर से मौसम का खतरा अभी टला नहीं है। कभी मौसम साफ हो जाता है, तो कभी घने बादलों के बीच बूंदाबांदी शुरू हो जाती है। चार-पांच दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। वीरवार को सुबह के समय आंशिक बादल छाए रहे। कुंड एरिया के कई गांवों में बूंदाबांदी हुई। दोपहर तक आसमान साफ बना रहा। अधिकतम तापमान 2.0 डिग्री बढ़कर 35.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे दिन के समय मौसम गर्म बना रहा। न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री की वृद्धि के साथ 19.5 डिग्री दर्ज किया गया। अब रात के समय भी गर्मी का असर बढ़ना शुरू हो गया है। हालांकि हाल ही में हुई ओलावृष्टि के बाद एक बार रात के तापमान में गिरावट आई थी, परंतु बाद में फिर से तापमान बढ़ना शुरू हो गया। हवा में नमी का स्तर 50 प्रतिशत तक रहा, जबकि हवाओं की रफ्तार 10 किलोमीटर प्रति घंटा के आसपास रही। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को भी आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। पश्चिमी विक्षोभ बार-बार सक्रिय हो रहे हैं। चार-पांच दिन मौसम में बार-बार बदलाव आ सकता है। बारिश और ओलावृष्टि का खतरा अभी बरकरार है, जिस कारण किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। वीरवार को शाम के समय बादल गहराने के बाद एक बार फिर जिले के कुछ भागों में बूंदाबांदी शुरू हो गई थी, जिससे रात के समय भी बरसात की संभावना बनी हुई थी।



रेवाड़ी। एक खेत में गेहूं की कटाई करते किसान। रफोटो : हरिभूमि

### गेहूं की कटाई आधे से ज्यादा बाकी

गेहूं की कटाई का कार्य इस समय तेजी से चल रहा है। बारिश आने के बाद कटाई का कार्य बाधित हो जाता है। कृषि विभाग का अनुमान है कि अभी 50 प्रतिशत तक भी गेहूं की कटाई नहीं हुई है। जिन किसानों ने कटाई करने के बाद गेहूं एकत्रित कर दिया है, उसमें बारिश से नुकसान की गुंजाइश कम है। खेत में खड़े गेहूं को बारिश और ओलावृष्टि से ज्यादा नुकसान हो सकता है। बार-बार बारिश से गेहूं का दाना भी काला पड़ने की आशंका बनी हुई है।

### बरसात ने धो दिए प्रदूषण के दाग

बार-बार बारिश से लोगों को साफ हवा में सांस लेने का मौका जरूर मिल रहा है। बारिश से पहले प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। अब कुछ दिनों से प्रदूषण की समस्या कम हो रही है। एक्यूआई 100 से भी नीचे चल रहा है, जो संतोषजनक माना जाता है। इससे पहले जनवरी माह में एक्यूआई 300 से भी ज्यादा हो गया था।

**स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने माजरा में फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव स्मृति वाटिका का किया लोकार्पण**

# फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव की शहादत पर पूरे देश को गर्व: राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने वीरवार को गांव माजरा में फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव की स्मृति में निर्मित स्मृति वाटिका का लोकार्पण किया। उन्होंने वीर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी शहादत पर पूरे देश को गर्व है। उन्होंने कहा कि फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने शहीद के पिता सुशील यादव, माता सुशीला और बहन दिव्या को सांत्वना दी और आश्वस्त किया कि सरकार सदैव उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान करना और उनके परिवारों की देखभाल करना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री आरती सिंह राव ने युवाओं से आह्वान किया कि वे फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहें। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव माजरा में प्रस्तावित एम्स संस्थान के किसी विभाग का नाम फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव के नाम पर रखने की मांग रखी। स्वास्थ्य मंत्री न कहा कि मांग को सरकार के समक्ष रखा जाएगा और इसे पूरा करने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।



रेवाड़ी। शहीद सिद्धार्थ यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य मंत्री व शहीद के परिजन। फोटो :हरिभूमि

### शहीद को श्रद्धांजलि दी

इस मौके पर बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी और कहा कि ऐसे वीर सपूतों के कारण ही देश सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि समाज को शहीदों के बलिदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए। उन्होंने युवाओं को भी उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव, पार्षद जयसिंह, डा. अरविंद व इंजीनियर सचिन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### चेक बाउंस के मामले में फरार पीओ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस के पीओ स्टाफ ने अदालत की ओर से उद्धघोषित अपराधी पवन कुमार निवासी गांव देहलावास को गिरफ्तार किया गया। एसआई लालचंद ने बताया कि आरोपी पवन कुमार काफी दिनों से चेक बाउंस के एक मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मॉडल टाउन में अलग से अभियोग धारा 209 बीएनएस के तहत भी दर्ज किया था। मामले में पुलिस के पीओ स्टाफ ने वीरवार को आरोपी पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**खबर संक्षेप**



## दाखिला अभियान में ग्रामीणों को बताई स्कूल की सुविधाएं

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली में नामांकन बढ़ाने के लिए प्राचार्य के नेतृत्व में गांव नांगल में डोर टू डोर कैंपेन चलाया गया। इस मौके पर प्राचार्य अनिल यादव ने कहा कि सरकारी स्कूलों को लेकर ग्रामीणों की सोच बदल रही है। नामांकन अभियान के तहत ग्रामीणों को स्कूल की सभी सुविधाओं की जानकारी दी गई। प्राचार्य ने कहा कि हरियाणा सरकार सरकारी स्कूलों में सभी प्रकार की सुविधा निजी विद्यालयों की तर्ज पर उपलब्ध करा रही है। इन स्कूल में सभी नए छात्रों को मुफ्त ड्रेस, मुफ्त किताबें, पहली से 12वीं तक मुफ्त ट्रांसपोर्टेशन, आधुनिक कंप्यूटर लैब, वाईफाई, 24 घंटे बिजली, ग्रीन कैंपस, आधुनिक सुविधाओं से युक्त सभागार व नए सत्र में एयर कंडीशन लाइब्रेरी की सुविधा दी जाएगी।

## धौलेड़ा वॉलीबॉल नर्सरी में ट्रायल आज

**नांगल चौधरी।** धौलेड़ा वॉलीबॉल नर्सरी में डीवीएस व एएफ के लिए वॉलीबॉल खिलाड़ियों का चयन करने के लिए तीन अप्रैल को ट्रायल्स प्रतियोगिता आयोजित होगी। एक जनवरी 2008 के बाद जन्में युवाओं को ट्रायल्स में शामिल किया जाएगा। प्रतिभागी खिलाड़ी महेंद्रगढ़ जिले का स्थायी निवासी होना अनिवार्य रहेगा। सचिव अंकित कुमार बताया कि ट्रायल्स के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को हरियाणा सरकार की ओर से विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है। चयनित खिलाड़ियों के खाते में सीधे डाइट मनी भेजी जाएगी, जिससे उन्हें अपने खेल और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा खेल नर्सरी की ओर से खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट व स्पोर्ट्स जूते भी प्रदान किए जाएंगे।

## शिविर में 18 नागरिकों ने रखी समस्याएं

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में वीरवार को 18 नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। इस अवसर पर सीईओए जिला परिषद निर्मल नागर ने शिकायतें सुनी। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली, पानी, पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई। इस मौके पर नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## घर के बाहर खड़ी बाइक उड़ा ले गए चोर

**कनीना।** कनीना में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। वार्ड नंबर 10 निवासी सुमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कनीना मंडी ककराला रोड पर वेद हलवाई के मकान के नीचे उसने अपनी बाइक खड़ी की थी, जो रात्रि के समय करीब 9:30 बजे चोरी हो गई। इस पर पीड़ित सुमित ने कनीना मंडी थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले में लगातार कार्रवाई कर रही है।

### साल के पहले तीन महीनों में गत दो वर्ष की तुलना में अपराधों में भारी कमी

# अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा अभी तक लूट का कोई मामला नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर कुशलतापूर्वक अपने कर्तव्य को अंजाम दे रही जिला पुलिस के लिए साल के पहले तीन महीने सकून भरे साबित हुए हैं। इन तीन माह में गत तीन वर्षों की तुलना में आपराधिक वारदातों में जहां भारी कमी दर्ज की गई है, वहीं नशा व शराब तस्करी के मामलों में पूर्व के वर्षों की तुलना में ज्यादा आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है।

बीते तीन साल के मार्च माह के अंत तक के आपराधिक आंकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए, तो यह बात साफ हो जाती है कि वर्ष 2024 के मुकाबले वर्ष 2025 और 2026 में संगीन अपराधों में काफी कमी दर्ज की गई है।

इन आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए, तो इस साल के पहले तीन माह में जिले में लूट व डकैती का कोई मामला सामने नहीं आया है। बीते वर्ष इस अवधि तक लूट के 3 और डकैती के 2 अभियोग अंकित हुए थे। गत दो वर्षों की तुलना में हत्या के मामलों में 33 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में मार्च माह तक गैर इरादतन हत्या का एक केस दर्ज हुआ था, जबकि इस बार कोई केस दर्ज नहीं हुआ है। बीते साल 31 मार्च तक हत्या के प्रयास में 6 अभियोग अंकित किए गए थे। इस बार अभी तक ऐसे पांच केस दर्ज किए गए हैं। झपटमारी के मामलों में भी बीते साल मार्च माह तक की तुलना में इस साल 33 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। गत वर्ष पहले तीन माह में स्नैचिंग के 6 केस दर्ज किए गए थे, जबकि इस साल इनकी संख्या 4 रही है। इससे पूर्व मार्च 2024 के अंत तक स्नैचिंग के 10 केस दर्ज हुए थे। कुल मिलाकर साल के पहले तीन माह के दौरान अपराधों में 24 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है, जो जिला पुलिस के लिए उपलब्धि मानी जा सकती है।

### वाहन चोरी के मामले 43 फीसदी कम

*आंकड़ों के मुताबिक वाहन चोरी के मामले भी साल के पहले तीन माह में 43 प्रतिशत तक कम दर्ज हुए हैं। बीते साल मार्च के अंत तक वाहन चोरी के 105 केस दर्ज हुए थे, जिनकी संख्या इस साल 63 तक सीमित रही है। साधारण चोरी के मामलों में भी कमी दर्ज की गई है। गत वर्ष चोरी के 79 मामलों की तुलना में इस वर्ष 68 केस दर्ज हुए हैं। हाउस ट्रेस पास के मामलों में पहले तीन माह में 53 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। संपत्ति विरुद्ध अपराध में 37 प्रतिशत कमी आई है।*

### महिला विरुद्ध अपराधों में आई कमी

*पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक इस बार अभी तक मानव विरुद्ध अपराधों में जहां 25 प्रतिशत की कमी आई है, वहीं महिला विरुद्ध अपराध 38 फीसदी तक कम हुए हैं। दहेज हत्या के मामलों भी 50 प्रतिशत तक कम हुए हैं। महिलाओं से दुष्कर्म के मामले बीते साल मार्च माह तक 13 दर्ज हुए थे, जो इस साल कम होकर 7 पर आ गए हैं। इस साल मार्च माह के अंत तक दहेज हत्या का केस भी एक ही दर्ज हुआ है।*

### नशीला पदार्थ बेचने वालों पर शिकंजा

*पुलिस ने नया शुरू शुरू होने के बाद से ही नशे पर रोक लगाने के लिए एक ओर जहां जागरूकता मुहिम शुरू की, तो दूसरी ओर नशीला पदार्थ बेचने वालों पर भी शिकंजा कसने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बीते साल की तुलना में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभी 4 मामले ज्यादा दर्ज किए जा चुके हैं। वहीं दूसरी ओर अवैध शराब बेचने के 15 मामलों की तुलना में इस बार एक्साइज एक्ट के तहत 25 मामले दर्ज किए जा चुके हैं।*

### जुआरियों और सट्टेबाजों को किया काबू

*पुलिस ने समय-समय पर छापेमारी करते हुए जुआ खेलने वाले और सट्टा खाईवाली करने वाले लोगों की धरपकड़ भी की है। इन मामलों में तीन माह के दौरान लगभग 2 दर्जन लोगों को सट्टे व जुए की राशि के साथ काबू किया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंगबाजी करने वाले लोगों को भी हवालात के पीछे पहुंचाने का कार्य किया गया है। अकेले मार्च माह में ऐसे चार अभियोग अंकित किए गए हैं।*

Report generated on 29/03/2026 12:31 PM

Snapshot - 3 years for REWARI (01/01/2026 - 28/03/2026)

| Head | 2024 | 2025 | 2026 |
|---|---|---|---|
| Crime Against Person | Reg. | Reg. | Reg. |
| Murder (103/104 BNS) (302 IPC) | 3 | 3 | 2 |
| Culpable Homicide not amounting to Murder (105 BNS) (304 IPC) | 1 | 0 | 0 |
| Attempt to Commit Murder (109 BNS) (307 IPC) | 5 | 6 | 5 |
| Attempt to Commit Culpable Homicide (110 BNS) (308 IPC) | 1 | 5 | 2 |
| Abetment of Suicide (107/108 BNS) (305/306 IPC) | 4 | 3 | 2 |
| Simple Hurt (115-125 BNS) (323-337 IPC) | 10 | 14 | 3 |
| Grievous Hurt (117-125 BNS) (325-338 IPC) | 41 | 36 | 30 |
| Missing Persons (127(6) BNS) (346 IPC) | 124 | 164 | 117 |
| Kidnapping & Abduction (137/139/140/142/97 BNS) (363-365, 367-369 IPC) | 10 | 34 | 22 |
| Crime Against Women | | | |
| Kidnapping & Abduction (87/96/141 BNS) (366-366B IPC) | 13 | 4 | 2 |
| Rape (64-66,70/71 BNS) (376- 376A/AB/D-E IPC)(67-69 BNS) (376 B/C IPC) | 10 | 13 | 7 |
| Dowry Deaths (80 BNS) (304B IPC) | 1 | 2 | 1 |
| Molestation/Sexual Harrasment (74-78 BNS) (354-354D IPC) | 17 | 19 | 5 |
| Cruelty by Husband or his Relatives (85 BNS) (498A IPC) | 68 | 30 | 29 |
| Crime Against Property | | | |
| MV Theft | 74 | 105 | 63 |
| Other Simple Theft (303/305-307 BNS) (379-382 IPC) | 89 | 79 | 68 |
| Snatching (304/134 BNS) (379A/356) | 10 | 6 | 4 |

### अपराधियों पर कसा जा रहा शिकंजा

जिले में अपराध करने वाले लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ अपना काम कर रही है, जिससे काफी हद तक संगीन अपराधों में कमी लाने में सफलता मिली है। सभी थाना व चौकी प्रभारियों को मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए हुए हैं।



-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम विजय कुमार यादव।

## अवैध कब्जे नहीं हटाए तो होगी कार्रवाई: एसडीएम

- दो कनाल से अधिक भूमि वाले किसान ले सकते हैं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि कोसली, भाकली-2, नाहड़ रोड व साल्हावास रोड़ के मुख्य बाजारों में जिन दुकानदारों ने अभी तक अपनी दुकानों के सामने अतिक्रमण नहीं हटाया है, वे जल्दी से जल्दी हटा ले, अन्यथा लोक निर्माण विभाग की टीम कब्जों को हटवाएगी।

एसडीएम विजय कुमार यादव वीरवार को कार्यालय में समाधान शिविर के दौरान जन समस्याओं की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोसली व आसपास के बाजारों में मुख्य सडकों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर बीएंडआर ने नोटिस वितरित कर दिए हैं, जिसके बाद कुछ दुकानदारों ने स्वेच्छा से अवैध कब्जे हटा लिए हैं।

कुछ दुकानदारों ने इसे अभी तक गंभीरता से नहीं लिया है। कब्जों को हर हाल में हटाया जाएगा। जो भी दुकानदार कब्जे नहीं हटाएंगे, उनको पुलिस के सहयोग से हटवाया जाएगा। शिविर में एक व्यक्ति ने शिकायत रखी कि उसका बीपीएल कार्ड कट गया है।

एसडीएम ने बताया कि जिस किसान के पास 2.47 हेक्टेयर से कम तथा दो कनाल से अधिक जमीन है, उसको सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दे रही है। इसलिए पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे पात्रों को बीपीएल का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

इस अवसर पर बीडीपीओ अनिल कुमार, एसईपीओ संजीव कुमार, जनस्वास्थ्यअभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ अनिल कुमार स्वामी, सिंचाई विभाग से जेई दीपक डागर, बिजली वितरण निगम के एसडीओ रोहित कुमार, कल्याण विभाग से रामभतेरी, राजस्व विभाग से रणधीर सिंह, खाद्य एवं पूर्ति विभाग से दीवांश वर्मा मौजूद थे।

### बव्वा के माता मंदिर में रक्तदान शिविर 5 को

**कोसली।** बव्वा गांव में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति की ओर से 5 अप्रैल को माता शीतला देवी मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष दयानंद आर्य ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रस्ट के राज्य प्रभारी ईश आर्य तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर डा. सुरेंद्र यादव व डा लक्ष्मी नारायण शर्मा मौजूद रहेंगे।

## जीआरपी इंस्पेक्टर अशोक कुमार हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जीआरपी थाना में इंस्पेक्टर अशोक कुमार के सेवानिवृत्ति पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, लोहारू व नारनौल के जीआरपी प्रभारी व कर्मचारी मौजूद थे। जीआरपी स्टाफ व आरपीएफ से एसआई अशोक यादव ने सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जीआरपी रेलवार्डन एसोसिएशन के सचिव रमेश वशिष्ठ ने भी अशोक कुमार का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान दिया। इस मौके पर एसएचओ कृष्ण कुमार ने कहा कि अशोक कुमार के पुलिस विभाग में साढे 36 वर्ष का कार्यकाल सराहनीय रहा। अशोक कुमार ने जीआरपी स्टाफ का आभार जताया। मंच संचालन एसआई सत्यपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर लोहारू चौकी इंचार्ज एएसआई राजकुमार, राजबाला, उर्मिला, रेखा शर्मा, नारनौल एचसी सुमनलता, मुकेश, सुनीता, बिन्दु, सिपाही मोनिका, अमित, अरविन्द, लक्ष्मीनारायण, रिटायर्ड एसआई बृजेश शर्मा, नरेश कुमार, दयानंद यादव व निरंजन लाल आदि रहे।



रेवाड़ी। इस्पेक्टर अशोक कुमार का सम्मान करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## हिंदी रंगमंच दिवस पर भरतमुनि कला केंद्र का तीन दिवसीय नाट्य उत्सव आज से

- रंगोत्सव में प्रथम दिन मदन डागर की ओर से निर्देशित व विजय तेंदुलकर द्वारा लिखित नाटक 'खामोश अदालत जारी है' का मंचन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था भरतमुनि कला केंद्र की ओर से हिंदी रंगमंच दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय रंगोत्सव का शुभारंभ 3 अप्रैल को शाम 7 बजे से बाल भवन के ओपन एयर थियेटर में होने जा रहा है। संस्था के सदस्य डा. अंकुर खेर ने बताया कि हरियाणा कला परिषद व भरतमुनि कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान से होने जा रहे रंगोत्सव में प्रथम दिन मदन डागर की ओर से निर्देशित व विजय तेंदुलकर द्वारा लिखित नाटक 'खामोश अदालत जारी है' का मंचन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष डा.वंदना पोपली शिकरत करेगी। 4 अप्रैल को कशिश बत्रा की ओर से निर्देशित व जयवर्धन द्वारा लिखित नाटक 'अर्जेंट मीटिंग' का मंचन किया जाएगा तथा तीसरे दिन 5 अप्रैल को मनोज शर्मा की ओर से निर्देशित व एंटोन चेखव द्वारा लिखित नाटक 'गिरगिट' की प्रस्तुति दी जाएगी। उत्सव के समापन अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव मुख्य अतिथि रहेंगे। डा. खेर ने बताया कि पिछले एक माह से सभी नाटकों की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। नाटकों में समाज की कुरीतियों से लेकर भ्रष्टाचार के विरोध में व्यंग्यात्मक दृष्टिकोण को अपना कर समाज के उत्थान को वर्णित किया गया हैं। भरतमुनि कला केंद्र पिछले 4 वर्षों से लगातार इस तरह के नाट्य उत्सवों का आयोजन करता आ रहा हैं। संस्था के निदेशक मदन डागर युवाओं को इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से अभिनय से जोड़ रहे हैं।



रेवाड़ी। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीसी अभिषेक मीणा।

### ज्ञान भारतम का उद्देश्य पांडुलिपियों का संरक्षण: डीसी

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि ज्ञान भारतम मिशन के तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे का उद्देश्य प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण तथा व्यापक दस्तावेज तैयार करना है। यह सर्वे निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। डीसी ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय की प्रमुख पहल ज्ञान भारतम मिशन के संबंध में बैठक की। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्त व अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर ज्ञान भारतम मिशन के तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर डीसी ने मिशन के उद्देश्यों, प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण, दस्तावेजीकरण व व्यापक डेटाबेस तैयार करने को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली शौर्य यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हनुमान जन्मोत्सव पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से शहर में शौर्य यात्रा निकाली गई। यह यात्रा प्राचीन हनुमान मंदिर बड़ा तालाब से शुरू होकर सरकुलर रोड की परिक्रमा करने के बाद हनुमान मंदिर पर सम्पन्न हुई। यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ताओं, युवाओं और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भगवा ध्वज और भजन संकीर्तन के साथ यात्रा अत्यंत प्रेरणादायी रही। यात्रा में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री वरुण कुमार विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने कहा कि शौर्य यात्रा का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना रहा। जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने कहा की इन यात्राओं का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना और संस्कृति की रक्षा का संकल्प लेना है। बजरंगदल जिला सह संयोजक शिव कुमार ने सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार धर्म, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सीए नितिन गोयल व उनकी पत्नी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थी। मौके पर संत बिजेन्द्रपुरी, रामअवतार गौतम,राजकुमार यादव, परमेश कुमार, पवन भारद्वाज व चिराग सैनी आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। शहर में शौर्य यात्रा निकालते हुए कार्यकर्ता।

**हादसा** | झज्जर रोड फ्लाईओवर के पास धमाके के बाद चलती कार में लगी आग

## जिले में बढ़े क्यू आर कोड भेजकर खातों से रकम उड़ाने के मामले : एसपी

### साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराएं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन को जागरूक करते हुए क्यू आर कोड के माध्यम से बढ़ रही साइबर ठगी से सतर्क रहने की हिदायत दी है। एसपी ने बताया कि डिजिटल भुगतान के बढ़ते चलन के बीच साइबर अपराधी क्यू आर कोड का गलत इस्तेमाल कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि ठग खुद को खरीदार, ग्राहक या किसी कंपनी का प्रतिनिधि बताकर संपर्क करते हैं और कहते हैं कि वे आपके खाते में पैसे भेजना चाहते हैं। इसके लिए वे एक क्यू आर कोर्ड भेजते हैं। उन्होंने बताया कि क्यू आर कोड का उपयोग केवल पैसे भेजने के लिए होता है, न कि पैसे प्राप्त करने के लिए। यदि कोई व्यक्ति पैसे भेजना चाहता है तो उसे केवल यूपीआई आईडी या मोबाइल नंबर की आवश्यकता होती है।

### ये सावधानियां अपनाकर ठगी से बचें

*किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए क्यू आर कोर्ड को स्कैन न करें। पैसे लेने के नाम पर क्यू आर कोड स्कैन करने से बचें। लेन-देन से पहले सामने वाले व्यक्ति की पहचान की पुष्टि करें। किसी भी संदिग्ध ट्रांजेक्शन को तुरंत रोकें। बैंकिंग व यूपीआई संबंधित जानकारी किसी के साथ साझा न करें। केवल आधिकारिक व विश्वसनीय माध्यमों से ही भुगतान करें। किसी भी प्रकार के लालच या जल्दबाजी में निर्णय न लें।*

### इन बातों का रखे विशेष ध्यान

*पैसे भेजने के नाम पर क्यू आर कोड भेजना, जल्दी-जल्दी स्कैन करने का दबाव बनाना, अनजान नंबर या सोशल मीडिया से संपर्क बिना वजह ट्रांजेक्शन करने के लिए कहना, पहले स्कैन करो, फिर पैसे मिलेंगे जैसी बातों से सतर्क रहे। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की ठगी का शिकार हो जाता है, तो वह तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या वेबसाइट साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज कराएं।*

आग पर काबू पाने के लिए एक के बाद एक कई गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया

## करनावास तेल डिपो के पास भीषण आग से हड़कंप, दस गाड़ियों ने पाया काबू

- 10 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, . गोदाम में जलकर राख हुआ लाखों का कबाड़ा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

करनावास तेल डिपो से कुछ दूरी पर वीरवार को सुबह के समय एक कबाड़ के गोदाम में आग लगने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। 10 से अधिक दमकल गाड़ियों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लाखों रुपये का सामान जलकर राख होने का अनुमान लगाया जा रहा है। तेल डिपो नजदीक होने के कारण आगजनी से बड़ा हादसा होने से टल गया।

टांकड़ी निवासी कैलाश ने आईओसी के तेल डिपो के पास कबाड़ का गोदाम किया हुआ है। इसमें लाखों रुपये का कबाड़ पड़ा बताया जा रहा है। वीरवार सुबह गोदाम में आग लग गई। धुआं उठता हुआ देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड की दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। आग लगातार भड़कती चली, जिस कारण उस पर काबू पाने के लिए एक के बाद एक कई गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। आग की सूचना के बाद तेल डिपो प्रबंधन भी अलर्ट हो गया। पुलिस भी आग पर काबू पाए जाने तक मौके पर मौजूद रही। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।







रेवाड़ी। कार में लगी आग को बुझाते हुए, करनावास तेल डिपो के पास कबाड़ी के गोदाम में लगी आग तथा आग बुझाते हुए फायर ब्रिगेड कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### तार टूटने से भंडारे के मची खलबली

सांपली गांव में वीरवार को अचानक बिजली की तार टूटकर कार पर गिरने से हड़कंप मच गया। हादसा उस समय हुआ जब गांव में सीताराम मंदिर में हनुमान जयंती पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा था। हादसे के समय आसपास काफी संख्या में गाड़ियां खड़ी थी। बिजली का तार टूटकर गिरने से खेत में पड़े कटे हुए गेहूं में भी आग लग गई। लोगों ने बिजली बंद कराने के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा नुकसान होने से टल गया।

### धमाके बाद चलती कार में आग

झज्जर रोड फ्लाईओवर के पास वीरवार सुबह एक कार में धमाके के बाद आग लग गई। चालक ने कार से कूदकर जान बचाई। झज्जर के टांग निवासी मंजीत अपनी से आ रहा था। कार झज्जर फ्लाईओवर के पास पहुंची तो अचानक जोरदार धमाके साथ कार में आग लग गई। मंजीत ने कार को रोका और नीचे कूद गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार में लगी आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड ने कार में लगी पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार जलकर राख हो गई।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी

**कोसली।** गांव श्यामनगर के सरपंच ने की ओर से वीरवार को ग्रामीणों के साथ गांव के मुक्तिधाम में पौधरोपण करके जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर पीपल व बरगद के पौधे लगाए गए। सरपंच जिले सिंह ने कहा पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। पेड़ जीवन का आधार है, जो हमें जीने के लिए आक्सीजन, पक्षियों को आसरा, प्राणियों को छाया, फल व फूल प्रदान करते है तथा पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं। इस मौके पर मूर्ति देवी, ओमप्रकाश, पूर्व सरपंच सतबीर, देवेंद्र, सोमदत्त, जगदेव, बिजेंद्र पंडित, कृष्ण कुमार, होशियार सिंह, अमर प्रेम शास्त्री, डा. श्रीभगवान, उमेद, निरंजन व कृष्ण मौजूद थे।

### रावमा विद्यालय संगवाड़ी में मनाया प्रवेश उत्सव

**बावल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाड़ी में वीरवार को प्रवेश उत्सव के के शुभारंभ पर हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा प्रत्येक विद्यार्थी को एक-एक पेन भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या डा. ज्योत्सना यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में विद्यालय के प्रति अपनापन, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान ममता, सोमदत्त, नथूराम, इंदर कुमार, राम सिंह, प्रेम प्रकाश, नरेश कुमार, विनोद शर्मा, इंदर सिंह, जगमाल, सुरेश, डा. रामपाल, सतीश कुमार, अरुण, गजेंद्र, जयभगवान, रमेश, मोहन, पूनम, मीनू, संजोगिता, नवीन, ममता, अलका, उषा, अनीता, नीरू व रितु मौजूद थे।

### कोसली क्षेत्र के गांवों से दो नाबालिग लापता

**कोसली।** क्षेत्र के गांव से नाबालिग बुधवार को बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। नाबालिग के पिता ने कोसली थाने में दी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी सात साल पहले उन्हें छोड़कर चली गई थी। वह एक गांव की ढाणी में बेटा व बेटी के साथ रहते हैं। बुधवार को वे काम पर चले गए। दोपहर में वापस घर आए तो उनकी 15 वर्षीय बेटी घर में नहीं मिली। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पिता की सूचना पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं एक अन्य गांव से एक नाबालिग लड़की घर से कॉलेज जाने की कहकर लापता हो गई।

## गेहूं के लिए भी करना पड़ेगा इंतजार, धीमा उठान बन रहा परेशानी

# एजेंसी को छह दिन में नहीं मिले सरसों के देनदार, प्राइवेट बेचने में मिल रहा फायदा

**अनाजमंडी में अब तक एक लाख क्विंटल से अधिक सरसों ओपन में बिक चुकी है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले की अनाजमंडियों में सरसों की सरकारी खरीद को छह दिन हो चुके है, लेकिन खरीद एजेंसी हैफेड को अभी तक सरसों के देनदार नहीं मिले है। किसानों को आढ़तियों के माध्यम से ओपन में 6000 से 6900 रुपये क्विंटल तक महंगे रेट मिल रहे है, जबकि सरसों का सरकार की ओर से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल है। वहीं अनाजमंडी में गेहूं की भी 2585 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी पर सरकारी खरीद को शुरू हुए दो दिन हो चुके है, जबकि अनाजमंडी में अभी गेहूं पहुंच ही नहीं पाया है, जिसका कारण मौसम की मार है। किसान गेहूं की कटाई करने में लगे हुए है। दो दिन पहले हुई ओलावृष्टि से सरसों की आवक पर भी असर पड़ा है। खरीदी गई फसल का उठान धीमा चलने के कारण अनाजमंडी के तीनों टीन शेड व फड पर फसल डालने की जगह भी नहीं है। फड के अलावा सड़क पर भी सरसों की फसल पड़ी हुई है। जिले की रेवाड़ी, बावल व कोसली अनाजमंडी में हैफेड की ओर से सरसों की सरकारी खरीद की जा रही है, लेकिन मंडी में ओपन में सरसों के भाव ऊंचे होने के कारण एजेंसी को अभी तक कामयाबी नहीं मिली है। अनाजमंडी में अब तक एक लाख क्विंटल से अधिक सरसों ओपन में बिक चुकी है। वहीं रेवाड़ी अनाजमंडी में सप्ताह में तीन दिन हैफेड व वेयर हाउस की ओर से गेहूं की सरकारी खरीद की जाएगी, लेकिन गेहूं की आवक शुरू होने में अभी सप्ताह भर का समय लग सकता है। कोसली व बावल मंडी में वेयरहाउस की ओर से गेहूं की सरकारी खरीद की जाएगी।





रेवाड़ी। अनाजमंडी के टीनशेड में रखी फसल, उठान चल रहा धीमा तथा फड पर सरसों सुखाते हुए मजदूर। *फोटो : हरिभूमि*

### किसानों को रास नहीं आ रहे नए नियम

खरीद एजेंसी की ओर से सरकार के नियमानुसार 8 प्रतिशत नमी तक ही सरसों खरीद की जाएगी। जिले में 56188 किसानों ने मेरी फसल-मेरा ब्योरा पर सरसों का पंजीकरण कराया है। वही एमएसपी पर गेहूं बेचने के लिए 24148 किसानों ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। एमएसपी पर फसल बेचने के लिए किसानों को मंडियों में गेट पास के लिए फोटो सत्यापन के लिए वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट अनिवार्य है। गेट पास के लिए किसान का बायोमैट्रिक सत्यापन भी होगा। किसानों को वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट के फोटो और बॉयोमैट्रिक के बाद ही मंडी में एंट्री मिलेगी। काफी किसानों को सरकार के नए नियम भी रास नहीं आ रहे है, जिससे वे प्राइवेट में फसल बेच रहे है।

### लिफ्टिंग की धीमी चाल बड़ी परेशानी

जिले की अनाजमंड़ियों में इस बार गत वर्ष की अपेक्षा सरसों की ज्यादा आवक हो रही है, जिससे तीनों टीनशेड व फड पूरी तरह फुल है। प्रति वर्ष फसल खरीदने के बाद धीमी लिफ्टिंग की समस्या परेशानी पैदा कर देती है, जिससे अनाजमंडी में जाम की स्थिति बन जाती है। इस बार भी उठान धीमा होने के कारण सड़क पर फसल डाली जा रही है। मौसम बिगड़ने के कारण फसल के भीगने का लगातार खतरा बना हुआ है।

### परेशानी से बचने के लिए सुखाकर लाएं फसल

हैफेड मैनेजर मनोज कुमार ने कहा कि किसान को एमएसपी पर फसल बेचने के लिए नियम पूरे करने होंगे। किसान अपनी फसल को सुखाकर व साफ-सुथरी करके मंडी में लाए। अभी सरसों के भाव एमएसपी से ऊंचे चल रहे है, जिससे एजेंसी को फसल नहीं मिल पा रही है।

## आंकेड़ा की निकिता ने पटवार प्रशिक्षण परीक्षा में जिले में पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा



क्षेत्र के गांव आंकेड़ा निवासी निकिता यादव ने पटवार प्रशिक्षण परीक्षा में 478.5 अंक प्राप्त करके जिले में प्रथम स्थान हासिल किया, वही प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है। निकिता की उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। नपा चेयरमैन कंवर सिंह, अध्यापक संघ के प्रधान महावीर सिंह व शिवराज लेक्चरर सहित विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारियों ने निकिता यादव को बधाई दी है। चेयरमैन कंवर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। सेवानिवृत्त डीआईपीआरओ जेपी यादव ने सभी नव चयनित पटवारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहला अवसर है, जब प्रदेश में एक साथ 2605 नए पटवारियों की भर्ती की गई है। उन्होंने सभी पटवारियों से ईमानदारी और पारदर्शिता के पथ पर चलते हुए आम लोगों की समस्याओं का तत्परता से समाधान करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

## श्मशान भूमि से अवैध कब्जे हटवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार को एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते हुए विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता से निवारण कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने गांव सुलखा में श्मशान भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर डीडीपीओ को कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। गांव जाटूवास में अवैध रूप से रैंप बनवाने की शिकायत पर जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। गांव चांदनवास के राजकीय विद्यालय में एक शिक्षक की ओर से अभिभावक व विद्यार्थी से दुर्व्यवहार करने के आरोप में डीईईओ को एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए। शहर के स्वर्ण जयंती पार्क मॉडल टाउन में लाइट की समस्या और रेलवे रोड पर अतिक्रमण की शिकायत भी सुनी गई। इसके अलावा समाधान शिविर में पुलिस, परिवार पहचान पत्र, पेंशन व बिजली संबंधित शिकायतों पर अधिकारियों प्राथमिकता से निवारण करने के निर्देश दिए गए।



## सेक्टर बाइपास पर भंडारे का हुआ आयोजन



**रेवाड़ी।** वीरवार को हनुमान जन्मोत्सव पर सेक्टर-3 बाईपास पर भंडारे का आयोजन किया गया। गुरु प्रॉपर्टी की ओर से आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पवन खोला, गुरुदत यादव, अजय यादव, विकास यादव, रवि यादव, राजू यादव, साहिल एडवोकेट, सरपंच सोनू सिंघम, अंकित यादव व आन्या सहित अनेक लोग मौजूद थे। *फोटो : हरिभूमि*

## गवर्नमेंट स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव 67 बच्चों ने लिया दाखिला

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसाका में शैक्षणिक सत्र के पहले दिन प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने नए विद्यार्थियों का माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस आत्मीय स्वागत से नए छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित नजर आए। प्रवेश उत्सव के पहले दिन विद्यालय में 67 नए विद्यार्थियों ने दाखिला लिया, जिसमें कक्षा छठी के 35 और कक्षा नौवीं में दाखिला लेने वाले 32 विद्यार्थी शामिल थे। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नेहा, निक्की, पायल, अयान, रीना, सोशिका, संजना, जया और सोनम ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा। कार्यक्रम का संचालन आशा यादव ने किया। समारोह में एसएमसी प्रधान नरेश व कंवर पाल यादव एसएमसी सदस्य और बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित थे। प्राचार्य सतीश कुमार ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### एक हजार पंडितों को बचाने के लिए युद्ध से भागे श्री कृष्ण और रणछोड़ कहलाएं

**धारूहेड़ा।** कस्बे के प्राचीन जोहड़ स्थित मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास स्वामी प्रेमानंद गिरी महाराज ने श्रद्धालुओं को जरासंघ राजा व भगवान श्रीकृष्ण के युद्ध का वृतांत सुनाया। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण ने जरासंध को 17 बार युद्ध में हराया था। 18वीं बार युद्ध करने करने के लिए मथुरा पहुंचने से पहले जरासंघ ने एक हजार पंडितों को जीत दिलाने के लिए जप करने के लिए बैठा दिया और कहा कि अगर मैं युद्ध में हार गया तो तुम्हें भी हारना होगा। अर्थात तुम्हारी मृत्यु निश्चित है। इसके बाद जरासंघ युद्ध करने निकल पड़ा। जब यह बात श्री कृष्ण को पता चली तो उन्होंने बड़े भाई बलराम से कहा कि हजार पंडितों का सिर कलम होने से पहले हम युद्ध से भाग चलेंगे। ऐसा करने पर पंडितों के साथ कोई अप्रिय घटनाएं नहीं घटेगी और उन्होंने ऐसा ही किया। स्वामी ने कहा तभी से श्री कृष्ण को रणछोड़ कृष्ण भगवान कहा जाता है, परंतु उनकी लीलाएं अपरंमपार है।



### विद्यार्थियों व शिक्षकों ने हवन के साथ किया नए सत्र का शुभारंभ

**बावल।** सरवन इंटरनेशनल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर वीरवार को विद्यालय परिसर में हवन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन किया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जितेंद्र यादव और चेयरपर्सन डा. आशा यादव ने सभी को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं तथा विद्यार्थियों व शिक्षकों को परिश्रम और उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों ने हवन करके विद्यालय की उन्नति, सफलता और समृद्धि के लिए प्रार्थना भी की।



### गुड़ियानी स्कूल में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

**कोसली।** बाबू बालमुकुंद गुप्त राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़ियानी में वीरवार को प्राचार्य विद्याभूषण गुप्ता व स्टाफ सदस्यों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का फूल माला पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में छठी कक्षा में 31, नौवीं में 51 व ग्यारहवीं कक्षा में 11 छात्र-छात्राओं ने प्रोविजनल दाखिला लिया। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में सभी विषयों के पर्याप्त अध्यापक उपलब्ध हैं तथा विद्यालय में हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम से पढ़ाई होती है। यह नाहड़ खंड में एकमात्र सरकारी स्कूल है जो सीबीएसई से संबद्ध है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी प्रकार की गतिविधियां कराई जाती है।

### श्रीराम सत्संग छिपटवाड़ा के पांच दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का समापन



**रेवाड़ी।** शहर के छीपटवाड़ा स्थित श्रीराम सत्संग भवन में महाराज शिवचंद इष्टधारी के सान्निध्य में आयोजित पांच दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का वीरवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्वालियर एमपी निवासी गौरव वत्स ने की। इस दौरान पंजाबी धर्मशाला में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भजन मंडलियों ने भगवान हनुमान की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया। भंडारे में हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित दूर-दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महाराज शिवचंद इष्टधारी ने कहा कि प्रति वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिनका उद्देश्य समाज में धार्मिक आस्था और एकता को मजबूत करना है।

## कोसली क्षेत्र के मंदिरों में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**कोसली।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। गांव भुरथला स्थित हनुमान मंदिर में जागरण और भंडारे का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जागरण में डा. आचार्य हितेश शास्त्री एवं उनकी टीम ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में कोसली के बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ के महंत शिवपुरी महाराज, दड़ौली आश्रम के समर्पणानंद महाराज, लक्ष्मण गिरी, गोशाला बूचावास से महंत विट्ठल गिरी तथा निम्बक आश्रम से शंभुदास महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख मनोज यादव, अनिल रायपुर, जिला पार्षद विनोद गोला तथा सज्जन यादव सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। कोसली के नाहड़ रोड़ स्थित हनुमान मंदिर में बुधवार रात्रि मंदिर के पुजारी पंडित धर्मबीर शर्मा के सानिध्य में जागरण व वीरवार को भंडारे का आयोजन किया गया। कोटा राजस्थान से आए भजन गायक राहुल व आशीष ने हनुमान जी के भजनों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। नठेड़ा गांव के हनुमान मंदिर में जागरण व भंडारा आयोजित किया गया। भाजपा वरिष्ठ नेता बाबू वीर कुमार यादव ने गांव के हनुमान मंदिर में आयोजित भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने सभी की सुख-समृद्धि की कामना। कार्यक्रम में मनोज सरपंच नठेड़ा, जिले सिंह सरपंच श्यामनगर, कैप्टन जोगिंदर साहब,एक्स सरपंच यगपाल, विजय गुड़यानी, रामफल कोसलिया, सुखबीर छव्वा, शमशेर यादव, धर्मपाल फौजी, सुनील यादव, महीपाल एक्स पंच, प्रमोद शास्त्री, संदीप पंच, भूदेव, किशोरी लाल व संजय राव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



रेवाड़ी। हनुमान मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।



रेवाड़ी। सोलहराही चोलेवाले हनुमान मंदिर में सजा बाबा का दरबार। फोटो : हरिभूमि

## जिले में श्रद्धा और उत्साह से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

# मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

- शहर के मंदिरों में दिन भर चले धार्मिक आयोजन व भंडारे, कई मंदिरों में बाबा के जन्मदिन पर काटे गए केक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले के सभी मंदिरों में वीरवार को श्रीराम भक्त पवनपुत्र हनुमान जी का जन्मोत्सव श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के बड़ा तालाब स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, कालीमाता रोड स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर, सोलहराही स्थित पंचमुखी-दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर, पब्लिक हेल्थ विभाग स्थित हनुमान मंदिर, मॉडल टाउन स्थित हनुमान मंदिर, महावीर दल मंदिर नई बस्ती, श्रीराम सत्संग भवन छिपटवाड़ा, हरिकीर्तन मंदिर, अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर व आजाद चौक स्थित बालाजी मंदिर सहित अनेक मंदिरों में हवन, सत्संग, सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

प्रातः से ही शहर के हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने बजरंगबली को चमेली का तेल, सिंदूर, वर्क, फूलमाला व बूंदी के लड्डू चढ़ाकर मन्नतें मांगी। मंदिरों में आयोजित भंडारों में कहीं पूरी-सब्जी तो कहीं दाल-बाटी चूरमा का प्रसाद बांटा गया। वहीं कई मंदिरों में बाबा के जन्मदिन पर केक भी काटे गए।





रेवाड़ी। पंचमुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड में मौजूद श्रद्धालु, सोलहराही हनुमान मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### भजन-संध्या में बाबा का हुआ गुणगान

सोलहराही स्थित पंचमुखी-दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर सुंदकांड पाठ, भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। सेक्टर-1 सोलहराही स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर व पंचमुखी हनुमान मंदिर में राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। गायक गोपाल वर्मा, दीक्षा गुप्ता व जीतू पागल ने मनमोहक भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर मुख्य यजमान योगराज सोनी, पुजारी पंडित बिजेंद्र भारद्वाज, भूपेन्द्र सिंह गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली, पूनम यादव, हुकम सिंह यादव, हिमांशु पालीवाल, दीपक मंगला, राखी प्रधान, अनिल शर्मा, देशराज यादव, सुरेन्द्र वशिष्ठ, अंकित लोहिया, बिल्लू, रविंद्र यादव, चरण सिंह, डा. आत्मप्रकाश यादव, डा. मंजू यादव, मधुसूदन शर्मा, प्रो. विजय शर्मा, प्रशांत गोयल, अमित सांधी, अतुल शर्मा व पवन सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

### हनुमान जयंती पर निकाली ध्वजा शोभायात्रा

हनुमान जन्मोत्सव पर महावीर दल मंदिर नई बस्ती से शहर में ध्वजा शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में लगे जय श्रीराम व हनुमान जी के जयकारों से शहर गुंजायमान हो गया। वीरवार को मंदिर में हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। कालीमाता रोड स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जंयती पर सुबह के समय हवन के बाद भंडारें का आयोजन किया। इस मौके पर बजरंग बली को दाल-बांटी व चूरमे का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया।

